an>

Title: Need to construct railway line from Muzaffarpur to Darbhanga in Bihar.

**श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर)** ः मैं केंद्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर से दरभंगा के बीच सीधी रेल लाईन की चिर-प्रतिक्षित मांग की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। आज़ादी के 68-69 साल होने को हैं, लेकिन इस इलाके के लोग आज भी मुजफ्फरपुर से दरभंगा जाने के लिए समस्तीपुर होकर लंबी दूरी तय करने को मजबूर हैं। तत्कालीन माननीय रेल मंत्रियों ने लोगों की परेशानियों और इस रेल लाइन की अहमियत को समझते हुए 1997 में इसका सर्वेक्षण कराया और 2008 में लगभग 281.3 करोड़ रूपए की लागत वाली 66.9 किलोमीटर की इस रेल लाइन परियोजना का शिलान्यास किया था, जो अनदेखी के चलते अधर में पड़ा हुआ है, जिसके चलते विकास की किरणें धूमिल होती जा रही हैं।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि जनहित में इस चिर-प्रतिक्षित रेल परियोजना को पूरा करने के लिए विशेष बजटीय प्रावधान किया जाए, साथ ही एक तय समय-सीमा के अंतर्गत इस परियोजना को पूरा कराया जाये।